786 और 92 की हक़ीक़त

अ़ब्दे मुस्तफ़ा

SABIYA
VIRTUAL PUBLICATION

786 और 92 की हकीकत

अब्दे मुस्तफ़ा

SABIYA
VIRTUAL PUBLICATION

तफ़सीलात

नाम

786 और 92 की हक़ीक़त

अज़ क़लम

अ़ब्दे मुस्तफ़ा मुहम्मद साबिर क़ादरी

सना इशाअ़त

शाबान 1444 हिजरी
मार्च 2023 ईसवी

कुल सफ़हात

54

हमारे डिज़ाइनिंग पार्टनर

PS graphics PURE SUNNI GRAPHICS

नाशिर

SABIYA VIRTUAL PUBLICATION

SABIYA VIRTUAL PUBLICATION

AMO

POWERED BY ABDE MUSTAFA OFFICIAL

info@abdemustafa.com

© 2023 All Rights Reserved.

اللہ کے نام سے شروع جو نہایت مہربان، رحمت والا ہے۔

फ़ेहरिस्त

नाशिर की तरफ से कुछ अहम बातें 4

मुकद्दमा 6

786/92 लिखने की वजह क्या है? 8

पहला ह़वाला 8

वक़ारुल फतावा 8

आ'दाद लिखने का हुक्म 8

दूसरा सुवाल : आ'दाद को बेवुज़ू लिखना कैसा? 9

तीसरा सुवाल : नापाकी की हालत में लिखना कैसा? 9

चौथा सुवाल : दुरूद के आ'दाद लिखना 9

दूसरा हवाला 10

फतावा फकीहे मिल्लत 10

तीसरा हवाला 11

फतावा बहरुल उलूम 11

तख़्सीस 14

अ़ददी रस्मुल खत 18

चौथा हवाला 19

तफहीमुल मसाइल 19

एक शिद्दत पसंद मुफ्ती का जवाब: 19

प्रोफ़ेसर मुफ्ती मुनीबुर रहमान का जवाब : 20

पांचवां हवाला.....26
फतावा फ़क़ीहे मिल्लत.....26
हरे कृष्णा के आदाद.....26
छटा हवाला.....30
फ़तावा बहरुल उलूम.....30
तावीज़ात में आदाद.....30
सातवाँ हवाला.....31
फ़तावा यूरोप व बर्तानिया.....31
अबजद नक़्शा.....31
आठवां हवाला.....32
फ़तावा बहरुल उलूम.....32
नवां हवाला.....37
फ़तावा मर्कज़ तर्बीयत इफ़्ता.....37
हरे कृष्णा का अदद.....37
अल-जवाब:.....37
दसवाँ हवाला.....39
फ़तावा बहरुल उलूम.....39
ग्यारहवां हवाला.....40
तनवीरुल फ़तावा.....40
बारहवाँ हवाला.....41
एक देवबंदी मुफ़्ती का फ़तवा.....41
तेरहवां हवाला.....42

देवबंदी मुफ़्ती का दूसरा फ़तवा 42
देवबंदी मुफ़्ती का त्आकुब 43
चौधवां हवाला 44
दारुल इफ़ता देवबंद का फ़तवा 44
ख़ुलासा 44
हमारी किताबें हिंदी में 46

नाशिर की तरफ से कुछ अहम बातें

मुख़्तलफ़ ममालिक से कई लिखने वाले हमें अपना सरमाया इरसाल फ़रमा रहे हैं जिन्हें हम शाया (Publish) कर रहे हैं, हम ये बताना जरूरी समझते हैं कि हमारी शाया करदा किताबों की मुंदरिजात (Contents) की ज़िम्मेदारी हम इस ह़द तक लेते हैं कि ये सब अहले सुन्नत व जमाअ़त से है और ये ज़ाहिर भी है कि हर लिखारी का ताल्लुक़ अहले सुन्नत से है, दूसरी जानिब अकाबिरीने अहले सुन्नत की जो किताबें शाया की जा रही हैं तो उन के मुताल्लिक़ कुछ कहने की हाजत ही नहीं। फिर बात आती है लफ्ज़ी और इमलाई ग़लतियों की, तो जो किताबें "टीम अ़ब्दे मुस्तफ़ा ऑफिशियल" की पेशकश होती हैं उनके लिये हम ज़िम्मेदार हैं और वो किताबें जो मुख़्तलफ़ ज़राए से हमें मौसूल होती हैं, उन में इस तरह की ग़लतियों के हवाले से हम बरी हैं कि वहाँ हम हर हर लफ्ज़ की छान फटक नहीं करते और हमारा किरदार बस एक नाशिर का होता है।

ये भी मुम्किन है कि कई किताबों में ऐसी बातें भी हों जिन से हम इत्तिफ़ाक़ नहीं रखते, मिसाल के तौर पर किसी किताब में कोई ऐसी रिवायत भी हो सकती है कि तहक़ीक़ से जिसका झूटा होना अब साबित हो चुका है लेकिन उसे लिखने वाले ने अदमे तवज्जो की बिना पर नक़्ल कर दिया या किसी और वजह से वो किताब में आ गई जैसा कि अहले इल्म पर मख़फी नहीं कि कई वुजूहात की बिना पर ऐसा होता है, तो जैसा हमने अर्ज़ किया कि अगर्चे उसे हम शाया करते हैं लेकिन इससे ये ना समझा जाए कि हम उससे इत्तिफ़ाक़ भी करते हैं।

एक मिसाल और हम अहले सुन्नत के माबैन इख़्तिलाफ़ी मसाइल की पेश करना चाहते हैं कि कई मसाइल ऐसे हैं जिन में उलमा -ए- अहले सुन्नत का इख़्तिलाफ़ है और किसी एक अमल को कोई ह़राम कहता है

तो दूसरा उसके जवाज़ का क़ाइल है, ऐसे में जब हम एक नाशिर का किरदार अदा कर रहे हैं तो दोनों की किताबों को शाया करना हमारा काम है लेकिन हमारा मौकिफ़ क्या है, ये एक अलग बात है, हम फरीक़ैन की किताबों को इस बुनियाद पर शाया कर सकते हैं कि दोनो अहले सुन्नत से हैं और ये इख़्तिलाफ़ात फुरूई हैं।

इसी तरह हमने लफ़्ज़ी और इमलाई गलतियों का ज़िक्र किया था जिस में थोड़ी तफ़्सील ये भी मुलाहिज़ा फ़रमाएँ कि कई अल्फाज़ ऐसे हैं के जिन के तलफ़्फ़ुज़ और इमला में इख़्तिलाफ़ पाया जाता है, अब यहाँ भी कुछ ऐसी ही सूरत बनेगी कि हम अगर्चे किसी एक तरीक़े की सिह़्हत के क़ाइल हों लेकिन उसके ख़िलाफ़ भी हमारी इशाअत में मौजूद होगा, इस फ़र्क़ को बयान करना ज़रूरी था ताकि क़ारईन में से किसी को शुब्हा न रहे।

टीम अ़ब्दे मुस्तफ़ा ऑफ़िशियल की इ़ल्मी, तहक़ीक़ी और इस्लाह़ी किताबें और रिसाले कई मराह़िल से गुजरने के बाद शाया होते हैं लेकिन इसके बावजूद इन में भी ऐसी ग़लतियों का पाया जाना मुम्किन है लिहाज़ा अगर आप उन्हें पाएँ तो हमें ज़रूर बताएँ ताकि उसकी तस्हीह़ की जा सके।

साबिया वर्चुअल पब्लिकेशन
SABIYA VIRTUAL PUBLICATION
POWERED BY ABDE MUSTAFA OFFICIAL

सलासिल में बंटे हुए सुन्नी कब एक होंगे?

मुकद्दमा

इस मौज़ूअ पर लिखने की ज़रूरत क्यों पेश आई, पहले यह बयान कर देते हैं। हम सब देखते हैं की मुख़्तलिफ क़िस्म के ख़ुतूत पर ऊपर 786 और 92 लिखा होता है जिस से "बिस्मिल्लाह शरीफ" और नामे "मुहम्मद" صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ मुराद लिया जाता है। यह तरीका बिल्कुल दुरुस्त है और बुजुर्गों से साबित भी है लेकिन एक फिरक़ा जिसे हम "वहाबी" के नाम से जानते पहचानते हैं और यह भी जानते हैं की किसी भी काम को शिर्क बिदअ़त कहने में इन्हे ज़रा भी देर नहीं लगती। यह लोग इस तरह 786 और 92 लिखने को ग़लत करार देते हैं और दलील ये पेश करते हैं के चूंकि रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ और सहाबा के ज़माने में ऐसा नहीं हुआ लिहाज़ा इस तरह करना ग़लत है। वहाबियों ने येह तक ए'तराज किया है के 786 जो अदद है वो "बिस्मिल्लाह शरीफ" का नहीं बल्के "हरे कृष्णा" का है। हम इस पर तफ्सील से लिखेंगे ताकि यह मसअला बिल्कुल वाज़ेह हो जाए। गैरों की तरफ से किए गए ऐसे ए'तराजात की वजह से अवामे अहले सुन्नत परेशानी में मुब्तला होती है। ज़रूरी था कि इस पर मुस्तक़िल रिसाला तैयार किया जाए। अल्लाह तआला की तौफीक़ से हमें यह मौक़ा इनायत हुआ। हमने कोशिश की है के इसे मुख्तसर और जामेअ बनाया जाए क्योंकी कलाम का ज़्यादा तवील होना एक ऐब है। हम यह भी तस्लीम करते हैं के अगर्चे हमने अपनी तरफ से कोशिशें की लेकिन बहुत कमियां इसमें मौजूद होंगी जो के यक़ीनन हमारी कम इल्मी और कोताही का सुबूत है। आप जब उन्हें पाएं तो हमारी माज़रत को याद

फरमाएं। मुमकिन हो तो हमें इत्तिलाअ भी फरमाएं ताकि हम आइंदा से उसका ख्याल रखें। अभी यह रिसाला पेश किया जाता है, उम्मीद करते हैं कि यह अवामे अहले सुन्नत के लिए मुफीद साबित होगा। अल्लाह तआला इसे कबूल फरमाए। आमीन

अ़ब्दे मुस्तफ़ा
मुहम्मद साबिर क़ादरी
17 नवंबर 2022 ईसवी
(शादी की पहली सालगिरह)

786/92 लिखने की वजह क्या है?

अगर पूरी "बिस्मिल्लाह शरीफ" या नामे "मुहम्मद" صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ को लिख दिया जाए तो इम्कान ज़्यादा है कि इसकी बेअदबी होगी क्योंकि खुतूत वगैरा को हर कोई संभाल कर नहीं रखता। शादियों के कार्ड हों या दूसरे दावती पैगामात, मकसद पूरा होने के बाद उन्हें कूड़े की नज़्र कर दिया जाता है। अब ऐसे खुतूत वगैरा पर ऐसे मुक़द्दस और मुतबर्रुक कलिमात को लिखना किसी तरह मुनासिब मालूम नहीं होता और यही वजह है कि उसकी जगह "अब्जद" के हिसाब से उस कलिमे या कई कलिमात के आ'दाद को लिख दिया जाता है। इस से होता यह है कि बेअदबी का जो इम्कान है वह जाता रहता है और दूसरा यह कि कलिमात की बरकत भी हासिल हो जाती है। और यह कोई ऐसी बात नहीं जिसे हमने घड़ा हो बल्कि इसका सुबूत मौजूद है। इसकी असल का ज़िक्र मिलता है जिसे हम तफ्सील से बयान करेंगे।

ان شاء الله

पहला ह़वाला

वक़ारुल फतावा

आ'दाद लिखने का हुक्म

सुवाल :

वक़ारे मिल्लत हजरत अल्लामा मुफ्ती वकारुद्दीन कादरी रह़ीमहुल्लाह से सुवाल किया गया :

क्या फरमाते हैं उल्माए दीन व मुफ्तीयाने शरअ मतीन इस मसअले के

बारे में कि बिस्मिल्लाह शरीफ के आ'दाद उमूमन लोग ख़ुतूत और दूसरी कुतुब वगैरा में बरकत हासिल करने के लिए लिखते हैं, बिस्मिल्लाह के 786, इसी तरह इस्मे मुहम्मद صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ के 92 अदद लिखते हैं) बराहे करम आप हमें यह बतलाइये कि इस्मे शरीफ वगैरा के अदद लिखने जाइज़ है या नहीं?

दूसरा सुवाल : आ'दाद को बेवुज़ू लिखना कैसा?

दूसरा सुवाल यह किया गया कि अगर कुरआनी आयात के आ'दाद लिखने हो तो बेवुज़ू अदद लिख सकते हैं या नहीं ?

तीसरा सुवाल : नापाकी की हालत में लिखना कैसा?

तीसरा सुवाल यह किया गया कि बिस्मिल्लाह (हर्फ ब हर्फ) नापाकी की हालत में लिखना कैसा है?

चौथा सुवाल : दुरूद के आ'दाद लिखना

चौथा सुवाल यह किया गया कि बवक़्ते जरूरत इस्मे मुहम्मद صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ के 92 अदद लिखे जाएं तो " صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ " के अदद भी लिखने ज़रूरी है या नहीं ?

अल् जवाब :

अहादीस में फरमाया कि जो काम बिस्मिल्लाह और अल्हमदूलिल्लाह से शुरूअ ना किया जाए, वह ना मुकम्मल रहता है और खैरो बरकत से खाली होता है। इस हदीस पर अमल करने के लिए हर जाइज़ काम को "बिस्मिल्लाह" और "अल्हमदूलिल्लाह" पढ़कर शुरूअ करना चाहिए, इनका लिखना जरूरी नहीं है लेकिन लिखना भी बाइसे बरकत है। चूंके आम तौर पर कागज़ात को एहतियात से नहीं रखा जाता तो उस पर बिस्मिल्लाह (तहरीर) होने की सूरत में उसकी बेअदबी है। इसलिए लोगों ने आ'दाद लिखना शुरूअ कर दिए लेकिन अदद का वो हुक्म नहीं जो हुरूफ का है लिहाजा आ'दाद को बेवुज़ू लिखना और छूना

जाइज है। "बिस्मिल्लाह‘" कुरआन की आयत है, लिहाज़ा इसे बेवुज़ू लिखना और छूना जाइज नहीं है।

(वकारुल फतावा अल्लामा मुफ्ती वकारुद्दीन रहीमहुल्लाह जि. 3, स. 442 और 443, नाशिर : बज़्मे वकारुद्दीन, 1421 हि. 2000 ई.)

दूसरा हवाला
फतावा फकीहे मिल्लत

फतावा फकीहे मिल्लत मैं एक सवाल कुछ यूं है :

हमारे यहां या'नी मसलके आ'ला हजरत के पैरुकार जब कुछ लिखते हैं तो पहले 786 फिर 92 या 917 लिखते हैं जबकि 786 "बिस्मिल्लाह" का अदद है और 92 "मुहम्मद" का 917 मुहम्मद صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ का तो क्या "बिस्मिल्लाह" के बाद यह लिखना ज़रूरी है अगर ज़रूरी है तो फिर तिलावते कुरआन पाक से कब्ल तस्मिया के साथ दुरुद पढ़ना लाजिम होगा और नमाज में ताअउज़ व तस्मिया के बा'द ही मुहम्मद صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ कहना जरूरी होगा ? लिहाजा हुजूरे वाला से गुजारिश है कि इसकी इब्तिदा कब से है? और लिखना कैसा है? मअ़ हवाला कुतुब जवाब से मुत्तलाअ फरमा कर शुक्रिया का मौका इनायत फरमाएं।

अल जवाब :

(2) अस्लाफे किराम और बुजुर्गाने दीन का यह तरीका रहा है कि वोह जब भी कुछ लिखते या किताब वगैरह तस्नीफ करते तो तबर्रुकन इसे अल्लाह और रसूल के नाम से शुरुअ करते। अल्लाह तआला की हम्द बयान करते और हुजूर صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ पर दुरूदो सलाम भेजते मगर बाद में बेअदबी से बचाने के लिए जिस तरीके से खत वगैरा की इब्तिदा में बिस्मिल्लाह के बजाए उनके आ'दाद 786 के लिखने का रिवाज तबर्रुकन हुआ इसी तरह 92 और 917 के लिखने की भी इब्तिदा हुई। फिर

जिस जगह बेअदबी का अंदेशा नहीं वहां भी लोग लिखने लगे। और जो चीज तबर्रुकन लिखी जाती है वह जरूरी नहीं होती। लिहाजा बिस्मिल्लाह का अदद 786 लिखने के बा'द 92 या 917 लिखना जरूरी नहीं सिर्फ जाइज़ व मुस्तहसन है। इसी तरह तिलावते कुरआन के वक़्त दुरूद शरीफ पढ़ना बेहतर है लाज़िम नहीं। और जब तस्मिया के अदद 786 के बाद 92 या 917 लिखना ज़रूरी नहीं तो उससे नमाज़ के अंदर ताअउज़ व तस्मिया के बाद मुहम्मद صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ कहने का इस्तिदलाल गलत है। और इसकी इब्तिदा कब से हुई यह गैर ज़रूरी सुवाल है। और हदीस शरीफ में है

"من حسن اسلام المرأ ان يترك ما لا يعينه" اھ. والله تعالى اعلم "

अल जवाबुस सहीह : जलालुद्दीन अहमद अमजदी

कतबहू : मुहम्मद अबरार अहमद अमजदी बरकाती

(देखें : फतावा फकीहे मिल्लत मा'रुफ बिह फतावा मरकजी तर्बीयते इफ्ता, जि. 1, स. 328 और 329 बाब सदकतुल फित्र, तबअ शब्बीर बरादर लाहौर, स. 2005 ई.)

तीसरा हवाला

फतावा बहरुल उलूम

फतावा बहरुल उलूम में एक सुवाल कुछ यूं है :

क्या फरमाते हैं उल्माए दीन व मुफ्तियाने शरअ़ मतीन मसअला ज़ैल के बारे में कि ज़ैद और बकर में गुफ्तगू हो रही थी, ज़ैद ने कहा कि 786/92 लिखना दुरुस्त है बकर ने कहा कि गलत है। कुरआन व हदीस मैं कहीं लिखा हुआ नहीं है अगर कहीं से साबित हो तो पेश करो। लिहाज़ा हजरत से गुजारिश है कि ज़ैद और बकर में से किस का कौल सहीह है मअ हवाला कुतुब जवाब इरशाद फरमाए। ऐन नवाज़िश होगी।

अल् जवाब :

सुवाल में चंद बातें क़ाबिले गौर हैं :

1. अल्लाह पाक और उसके हबीब صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ के इस्माए मुबारका से तबर्रुक जाइज़ है या नहीं?

2. अगर जाइज़ है तो क्या अरबी रसमुल् खत के साथ ही ख़ास है या दूसरे रसमुल् खत में भी इसे तहरीर किया जा सकता है।

3. जिस तरह किसी अम्र के जवाज़ के पहलू के लिए दलील की जरूरत होती है उसी तरह उस की मुमानअत के लिए भी दलीले शरअई दरकार है बल्के मुमानअत की दलील का मंसूस होना ज़रूरी है क्योंकि शरअ से किसी अम्र का मम्नूअ ना होना ही दलीले जवाज़ है। कुरआन ए अजीम में है :

وَ لَا تَقُوْلُوْا لِمَا تَصِفُ اَلْسِنَتُكُمُ الْكَذِبَ هٰذَا حَلٰلٌ وَّ هٰذَا حَرَامٌ لِّتَفْتَرُوْا عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ

और ना कहो उसे जो तुम्हारी ज़ुबाने झूठ बयान करती हैं यह हलाल है और यह हराम की अल्लाह तआला पर झूठ बांधों। (अन् नहल् : 116)

ह़दीस शरीफ में है :

إِنَّ اللّٰهَ فَرَضَ فَرَائِضَ فَلَا تُضَيِّعُوْهَا وَحَرَّمَ حُرُمَاتٍ فَلَا تَنْتَهِكُوْهَا وَحَدَّ حُدُوْدًا فَلَا تَعْتَدُوْهَا وَسَكَتَ عَنْ أَشْيَاءَ مِنْ غَيْرِ نِسْيَانٍ فَلَا تَبْحَثُوْا عَنْهَا

अल्लाह तआला ने कुछ फराइज़ मुकर्रर किए तो उसे ज़ाए ना करो और कुछ चीजों को हराम करार दिया तो उसके करीब ना जाओ। और कुछ हदें मुतअय्यन फरमाईं तो उसके आगे ना बढ़ो और बे भूल चूक कुछ चीजों का तजकिरा ना किया तो उसकी कुरेद ना करो।

(मिश्कात, किताबुल ईमान, 55/1, हदीस : 197)

इस आखरी जुम्ले की शरह में हन्फी आलिम हजरत मुल्ला अली कारी रह़ीमहुल्लाह फरमाते हैं :

دل على ان الاصل في الاشياء اباحة

इस जुम्ले से यह पता चला कि कुरआन व हदीस में जिसको ना हलाल किया गया हो ना हराम करार दिया गया हो वह मुबाह है। इसकी ताईद अल्लाह तआला के इस कौल से होती है :

هُوَ الَّذِىْ خَلَقَ لَكُمْ مَّا فِى الْاَرْضِ جَمِيْعًا

जमीन में जो है तुम्हारे फायदे के लिए है। (अल् बकरह : 29)

(मिरकात, जि. 1, स. 216)

और गैर मुकल्लिद मौलवी उबैदुल्लाह रहमानी लिखते है :

وسكت عن اشياء اى ترك ذكر اشياء اى حكمها من الحرمة والحل والوجوب وهو محمول على ما انتفى فيه دلالة النص على الحكم بجميع وجوهها المعتبرة فتستدل حينئذ بعدم ذكره بايجاب او تحريم او تحليل على انه معفو لا حرج على فاعله و لا على تاركه-

कुछ चीजों का तज़किरा ना किया या'नी ना यह बताया कि यह वाजिब है ना यह कि हराम है ना यह कि हलाल है। मतलब यह है कि अहकामे नुसूस से जिन जिन तरीकों से साबित होते हैं उनमें से इसके बारे में किसी हुक्म का पता नहीं चलता तो यह इस बात की दलील है कि मुआफ हैं ना उसके करने वाले से बाज़ पुर्स ना ना करने वाले से।

मज़्कूरा बाला आयात व अहादीस से यह मा'लूम हुआ कि किसी चीज के बारे में कोई हुक्म कुरआन व हदीस में ना होना उसके हराम और मनअ् होने की दलील नहीं। जैसा कि बकर बे खबर का कौल है बल्कि यह इस बात की दलील है कि इसको कर सकते हैं। शुरूअ से इस की कोई मुमानअत नहीं। और बकर ने इसको गलत कहा तो कुरआन व हदीस से इसका सबूत पेश करे कि कहां कुरआन व हदीस में इसकी मुमानअत आई है।

तख़्सीस

अब हम इस बात की दलील पेश करते हैं कि अल्लाह और रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ के इस्माए मुबारका से मुसलमान अपने फअ़ल के शुरूअ़ में तब्बर्रुक ह़ासिल कर सकता है, इस के लिए किसी ज़ुबान और किसी रस्मुल खत की खुसूसियत नहीं तह़रीरी और तज़किरा ज़ुबान की तखसीस नहीं।

(अ) बिस्मिल्लाह शरीफ़ से जुमला अहम उमूर शुरूअ़ करने की ताक़ीद ह़दीस शरीफ़ में है जिस को ह़ाफ़िज़ अ़ब्दुल क़ादिर ने अपनी अरबईन में, और अबू दाऊद व नसाई व इब्ने माजा ने अपनी मरवियात में और इब्ने हब्बान और अबू अवाना ने अपनी सिहाह में मुख़्तलिफ़ अल्फाज़ से रिवायत किया। और इब्ने ह़ब्बान और अबू अवाना ने और इब्ने सलाह़ ने तह़सीन व तसह़ीह़ फरमाई

"كل امر ذى بال لم يبدا فيه بذكر الله و بسم الله الرحمن الرحيم فهو اقطع "

(عينى جلد اول، ص11)

जो अहम काम अल्लाह के ज़िक्र और बिस्मिल्लाह से न शुरूअ़ किया गया वो नाकिस है।

इस में सफह 12 पर है:

"وروى الشافعي ايضا انها ليست من اوائل السورة غير الفاتحة انما يستفتح السور بها تبركا"

इमाम शाफई़ फ़रमाते हैं के हम बिस्मिल्लाह शरीफ़ सुरह फातिह़ा के इ़लावा किसी सूरह का जुज़ नहीं मगर हर सूरत के शुरूअ़ में तबर्रुक के लिए लिखा जाता है।

(ब) हुज़ूर صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ का नामे नामी अल्लाह तआ़ला के मुबारक नाम के साथ ज़िक्र करना आयत क़ुरआनी से साबित है ऐनी हवाला मज़्कूरा बाला में है:

"لان ذكره صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ مقرون بذكره تعالى ولقد قالوا في قوله تعالى

و رفعنا لك ذكرك معناه ذكرت حيثما ذكرت "

हुज़ूर صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ का ज़िक्र अल्लाह तबारक व तआ़ला के ज़िक्र से मिला हुआ है।

मुफस्सिरीने किराम आयत कुरआनी "ورفعنا لك ذكرك" का मानी ये बताते हैं जहां मेरा ज़िक्र होगा वहीं तेरा ज़िक्र होगा।

इब्ने असाकर व हाफ़िज़ हुसैन इब्ने अह़मद इब्ने अ़ब्दुल्लाह इब्ने बकर हज़रत अबू अमामा बाहिली रदि़अल्लाहु तआ़ला अ़न्हुमा से ज़िक्र करते हैं:

من ولد له مولود فسماه محمدا حبابي و تبركا باسمي كان هو ومولوده في الجنة

तर्जुमा: जिसने मेरी मोहब्बत और मेरे नाम से हुसूले बरकत के लिए अपने नौमौलूद बच्चे का नाम मुहम्मद रखा तो वो और उसका बच्चा दोनों जन्नती होंगे।

इमाम जलालुद्दीन सियूती फरमाते हैं:

"هذا امثل حديث ورد فى هذا الباب و اسناده حسن "

इस बारे में ये सब से उम्दा हदीस है और इसकी सनद हसन है।

(بحواله فتاوى رضويه جلد دہم نصف اول ص202)

फ़तावा इमाम सखावी में है के अबू अशअस हरानी ने इमाम अ़ता से रिवायत किया:

من اراد ان يكون حمل زوجته ذكرا فليضع يده على بطنها وليقل ان كان ذكرا فسميته محمدا فانه يكون ذكرا

साहिबे रूहलमानी अल्लामा आलूसी ने अपनी तफ़सीर में ज़ेरे आयत "فتلقى آدم من ربه كلمات فتاب عليه" तहरीर फ़रमाया:

"قيل رأى مكتوبا على ساق العرش محمد رسول الله فتشفع به "
(377/1)

हज़रत-ए-आदम अलैहिस-सलाम ने साक़ अर्श पर नामे मुहम्मद صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ लिखा देखा उनके वास्ता से दुआ ए मग़फ़िरत की तो अल्लाह-तआला ने इस की बरकत से आप अलैहिस-सलाम की तौबा क़बूल फ़रमाई।

मुंदरजा बाला तफ़सील से ये वाज़िह हो गया कि जुमला जायज़ उमूर की इबतिदा में तबर्रुकन अल्लाह तआला और रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ के असमा ए गिरामी का ज़िक्र महबूब व मंदूब है और ज़िक्र ज़बान और तहरीर दोनों ही सूरतों को आम है

कोई तहरीर हो रही हो तो इस की इबतिदा में ही ज़िक्र हो और दीगर उमूर हूँ तो ज़बान से ज़िक्र किया जाये।

चुनांचे हुज़ूर सय्यिदे आलम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ ने हुदैबिया के मुक़ाम पर अहल मक्का से जो तहरीरी मुआहिदा सुलह फ़रमाया उस की इबतिदा भी बिस्मिल्लाह से की (ऐनी अव्वल, स12)

क़ुरूने ऊला से ही आम तौर से इस्लामी मुसन्निफ़ीन का ये दस्तूर हो गया कि वो अपनी तसनीफ़ात की इबतिदा बिसमिल्लाह और हम्दो सलात से करते हैं, अगर किसी ने इस का ख़िलाफ़ किया तो इस पर तरह तरह के एतराज़ात किए जाते रहे ख़ुद इमाम बुख़ारी भी इस सिलसिला में एतराज़ात की बौछार से ना बच सके।

अब हम इस अम्र पर रोशनी डालते हैं कि ज़िक्रे ख़ुदा और रसूल के लिए किसी ख़ास ज़बान या रस्म-उल-ख़त की तख़सीस नहीं है।अल्लाह-तआला इरशाद फ़रमाता है:

وَ مَآ اَرْسَلْنَا مِنْ رَّسُوْلٍ اِلَّا بِلِسَانِ قَوْمِهٖ

अल्लाह-तआला ने हर रसूल को उसी की क़ौम की ज़बान के साथ भेजा (सूरा इबराहीम4)

तफ़सीर नीशापूरी में है:

ثم لما من الله على المكلفين بانزال الكتاب و ارسال الرسول ذكر ان من كمال تلك النعمه ان يكون ذلك الكتاب بلسان المرسل اليهم

अल्लाह-तआला ने मुकल्लिफ़ीन पर अपना ये एहसान ज़ाहिर फ़रमाया कि मैंने तुम्हारे लिए किताब उतारी और रसूल भेजे और इस इनाम का कमाल ये है कि किताब इसी क़ौम की ज़बान में है जिस पर उतारी गई (नीशापूरी अला हाशीया तबरी जिल्द12, स104)

इस आयत की तफ़सीर में तफ़सीर तबरी जिल्द12 स121 में है:

يقول تعالى ذكره (وما أرسلنا) الى امة من الامم يا محمد من قبلك و من قبل قومك(ورسولا إلا بلسان قومه) الامة التي ارسلناه اليها ولغتهم ليفهمهم ما ارسله الله به اليهم من امره ونهيه

अल्लाह पाक इरशाद फरमाता है के ए मुहम्मद صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ हम ने आप से और आप की कॉम से पहले जो रसूल भी भेजे तो उस कॉम की ज़बान और लुगत में भेजे ताके वो पैगम्बर अल्लाह पाक के अहकाम इन्हे खूब समझाए और ज़ाहिर यही है के किताब जिस ज़बान में उतरे गी रस्मुल खत भी इसी ज़बान का होगा। और अल्लाह व रसूल के ज़िक्र व असमा भी इस रसमुल खत में तहरीर होगें। जिस से ये अम्र आफताब की तरह रोशन हो गया के अल्लाह पाक व रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ के असमा वो सिफात व आयाते ज़िक्र का किसी रस्मुल खत में लिखना

मनअ़ नहीं, बल्के जायज़ व मामूल है।

अ़ददी रस्मुल खत

अब हम अ़ददी रस्मुल खत के बारे में कुछ अ़र्ज़ करते है:

खुतूत व मुरास्लात में इन असमा के साथ तबररूक अगर अ़रबी रस्मुल खत में हो तो इस में इस बद एहतियाती का खतरा था के इस को पाक या नापाक सभी चूमते है और इस को ज़मीन पर भी डाल देते है। तो इस बद एहतियाती से बचने के लिए एक नया रस्मूल खत ईजाद किया जिस में अ़रबी हुरूफ तहज्जी की अददी हैसियत मुकर्रर की मसलन:

अलिफ के लिए "1", "बा" के लिए "2" , "जीम" के लिए "3" और "दाल" के लिए "4" ऐसे ही आखिर तक। और किसी इसमे जा़त या आयात में इन सब के अददी क़ीमत जोड़ कर इस के मजमुआ को इस इस्म या आयात की अलामत करार दिया। मसलन : बिस्मिल्लाह में कुल उननीस हरफ लिखने में आते है, इन हुरुफ की अददी कुव्वत का मजमुआ 786 हुवा, इस को लिख देने के बाद बिस्मिल्लाह का तबर्रुक भी हासिल हो गया और मुमकिना बे अदबी के खतरे से भी हिफाज़त हो गई। ये सारी तफसील हम ने आप की तसल्ली के लिए लिख दी है वरना मोअ़तरिज़ बकर का काम तो वही से तमाम हो गया के इस के जवाज़ में दलील देना हमारी ज़िम्मेदारी नहीं है अलबत्ता उस के ना जायज़ होने की आयात या हदीस पेश करना बकर साहब का काम है।

वल्लाहु ताअ़ला अअ़लम

अब्दुल मन्नान आज़मी

शम्सुल उलुम घोसी, ज़िला मऊ

(دیکھیں: فتاوی بحر العلوم، ج6، ص128 تا 132، کتاب العقائد، ط شبیر برادرز لاہور، ط1431ھ)

चौथा हवाला
तफहीमुल मसाइल

सवाल:

तफहीमुल मसाइल जिल्द दुवम में इस ताल्लुक से सवाल किया गया और सवाल में किसी मुफ्ती साहब की तहकीक को भी नकल किया गया है जिस में 786 लिखने का सख्ती से ना सिर्फ रद किया गया बल्के इसे हिन्दुमत से जोड़ा गया है। पहले हम वो जवाब नकल करते है।

एक शिद्दत पसंद मुफ्ती का जवाब:

आम तौर पर खुतुत, दस्तावेज़ात और तहरीरो वग़ैरा में बिस्मिल्लाह के बजाए 786 लिख दिया जाता है के इन कागज़ात के ज़मीन पर गिरने से बिस्मिल्लाह के पाकीज़ा हुरूफ की बे अदबी होती है, इन को बे अदबी से बचाने के लिए 786 लिख दिया जाता है जब के इस्लामी तालीम वाज़ेह तौर पर ये है के हर काम अल्लाह ताअ़ला के नाम से शुरू करना चाहिए, जो काम अल्लाह ताअ़ला के नाम से शुरू ना किया जाए, इस में बरकत नहीं होती और वो पाए तकमील तक भी नहीं पहुंचता। ये बात काबिले गौर है के इस तरह अल्लाह पाक का नाम लेना सहीह है, फर्ज़ कीजिए किसी के नाम के अदाद का मजमुआ 420 हो और कोई इसे नाम के बजाए मिस्टर 420 कह कर पुकारे तो इस का रद ए अमल क्या होगा, इसी तरह बिस्मिल्लाह की बजाए 786 किसी तरह भी पसंदीदाह नहीं है फिर ये बात भी याद रखनी चाहिए के बिस्मिल्लाह के अदद 786 नहीं बनती, कमरी हुरुफ की सूरत में "अल" लगा कर पढ़ा जाता है जब के शम्सी हुरूफ़ के साथ "अल" लिखा तो जाता है लेकिन पढ़ा नहीं जाता। अल रेहमान और अल रहीम में कमरी हुरुफ की सूरत में बिस्मिल्लाह के अदद का मजमुआ 726 बनता है यानी किसी भी सूरत में इस का मजमुआ 786 नहीं बनता,

अब सवाल ये पैदा होता है के फिर 786 है क्या ? गालिब इमकान ये है के 786 हिंदुओ के भगवान हरी कृष्ण के नाम के हुरूफ का मजमुआ है, हुरूफ अबजद के हिसाब से इसी के ये अदाद निकलते है, बरे सगीर पाक वो हिंद के मुसलमान सैकड़ों बरस तक हिंदुओ के साथ इखट्टे रहे है, वो 786 इस्तेमाल करते होंगे, इस तरह की तशरीह इन्होंने इस को सहिह समझ कर 786 का इस्तेमाल शुरू कर दिया। बिस्मिल्लाह के लिए इस तरह के अदाद का इस्तेमाल दर हकीकत अल्लाह पाक की नाराज़ी के दावत देने के मुतरादिफ है, इस लिए इन आदाद के इस्तेमाल से मुकम्मल तौर पर इज्तेनाब करना चाहिए।

मज़कूरा बाला जवाब में मुफ्ती साहब ने इसे बिल्कुल गलत और बातिल करार दिया है और इस का रिश्ता हिंदूमत से जोड़ दिया है और ये भी दावा किया है के बिस्मिल्लाह के आदाद का मजमुआ कमरी हुरूफ के हिसाब से 1186 बनता है और शम्सी हुरूफ के हिसाब से 726 बनता है, 786 तो किसी सूरत में नहीं बनता, इस जवाब को पढ़ कर बहुत से लोग तशविश में मुब्तिला हैं क्युकी हमारा मुशाहिदा है के बुज़ुरगाने दीन इसे अपनी तेहरीरो, खतूत और तावीज़ात में इस्तेमाल करते रहे है और अब भी ये रिवायत जारी है, लिहाज़ा गुज़ारिश है के शरीयत की रोशनी में इस मसले को हल कीजिए, ता के हम जैसे लोगो का इज़्तराब रफअ़ हो।

प्रोफ़ेसर मुफ्ती मुनीबुर रहमान का जवाब :

सब से पहले तो ये इतमीनान कर लीजिए के बिस्मिल्लाह के आदाद का मजमुआ अब्जद के हिसाब से 786 ही बनता है, इस की तफसील दर्ज ज़ेल है:

क़ायदा ये है कि जो हुरूफ़ मकतूब होते हैं उनके आदाद का हिसाब लगाया जाता है, ख़ाह वो शमसी हों या क़मरी, तश्दीद की सूरत में भी चूँकि मकतूब एक ही हर्फ़ होता है लिहाज़ा उस के आदाद को जमा कर लिया जाता है,

लफ़्ज़ अल्लाह और अल रहमान पर खड़ी ज़बर बसूरत हर्फ़ नहीं है बल्कि बसूरत हरकत है, लिहाज़ा

इस का अदद भी हिसाब में नहीं आएगा। हमारे हाँ एक अलमीया ये है कि कोई शख़्स किसी इलम या फ़न का माहिर हो या ना हो, इस में टांग ज़रूर अड़ाता है, और ना सिर्फ माहिराना राय देता है बल्कि अपनी राय को हरफ़-ए-आख़िर समझता है और हुज्जत-ए-क़ाते क़रार देता है और इस मुआमले में सबसे ज़्यादा मज़लूम इस्लाम और शरीयत है, बाक़ौल शायर

हर बुल-हवस ने हुस्न परस्ती शिआर की
अब आबरूए शैव ए अहले नज़र गई

अबजद के उसूल का अरबी इस्तिलाही नाम "जमल" या "जुम्मल है। मुफ़्ती साहिब ने दूसरी मुग़ालता आराई या ख़ुद-साख़्ता इजतिहाद ये किया है कि 786 के आदाद को हिंदूओं के भगवान "हरी कृष्णा" के आदाद का मजमूआ क़रार देकर इस से ज़ाहिर किया है कि ये एक मुशरिकाना कलिमा है। इस सिलसिला में गुज़ारिश ये है कि "हरी कृष्णा" संस्कृत का लफ़्ज़ है, ना कि अरबी का, और "जमल" का हिसाब अरबी का है और उर्दू में बी एनिही अरबी के हुरूफ़ मुस्तमल होने की वजह से उसे उर्दू में भी इख़तियार कर लिया जाता है, क्योंकि उर्दू के असल माख़ज़ अरबी और फ़ारसी हैं, संस्कृत में तो जमल के हिसाब को जारी करने वाले मुफ़्ती हुसामुल्लाह शरीफ़ी साहिब पहले फ़र्द हैं। एतबार तो उसी रस्म-उल-ख़त का होता है, जिसका वो कलिमा या हर्फ़ है, संस्कृत की तो अबजद (Alphabetic), उनका रस्म-उल-ख़त और तलफ़्फ़ुज़ बिलकुल जुदा है, किसी माहिर संस्कृत से "हरी कृष्णा लिखवा कर देख लीजीए, उस के बाअज़ हुरूफ़ के मुशाबेह बहिसाब जमल अबजद का कोई भी हर्फ़ नहीं है। हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद शरीफ़ उल-हक़ अमजदी साहिब रहीमहुल्लाह के बाक़ौल बहुत ही खींच-तान कर आदाद को जोड़ भी लिया जाये (यानी संस्कृत के हरी

कृष्णा के असल हुरूफ़ तो ज़्यादा से ज़्यादा 436 बनते हैं, लेकिन अगर किसी को ख़्वाह-मख़ाह मुस्लमानों का हिंदू मत से रिश्ता जोड़ने या इस से मुतास्सिर क़रार देने का शौक़ होतो यही कहा जा सकता है कि

بریں عقل ودانش بباید گریست

ऐसी अक्लमंदी और दानिश पर मुझे रोना चाहिए

अब देखिये संस्कृत के हरूफ़-ए-तहज्जी भ, प, टे, ठ, झ, छः, धा, खा, ग, घा वग़ैरा अरबी में कहाँ हैं, और जिन हिन्दी या संस्कृत के अलफ़ाज़ में ये हरूफ़-ए-तहज्जी इस्तिमाल होंगे, उनके आदाद का हिसाब मुफ़्ती साहिब मौसूफ़ कैसे करेंगे, या उनके "जुमल के नए क़वाइद वज़ा करेंगे, क्या मुफ़्ती साहिब ना-काबिल तरदीद दलायल से ये साबित कर सकते हैं कि संस्कृत या हिंदू मत में जुमल का हिसाब राइज था।

हमारा ये मौक़िफ़ कि बिसमिल्लाह अल रहमान अलरहीम के लिए 786 का अदद अह्ले इल्म के हाँ इस्तिमाल होता रहा है , तवातुर के साथ साबित है। इस वक़्त मेरे सामने एक "इल्म उल मीरास का रिसाला है जिसका नाम है "मुफ़ीदुल वारिसीन मुकम्मल" और ये नाम भी जुमल के हिसाब से रखा गया है, यानी रिसाले का सना तबाअत भी 1349 हिजरी है और किताब के मज़कूरा बाला नाम के आदाद का मजमूआ भी 1349 बनता है, ये रिसाला दार उल-इशाअत देवबंद ज़िला सहारनपूर से शाया हुआ है और इस के मुसन्निफ़ दार-उल-उलूम के एक बुज़ुर्ग नामी गिरामी मुदर्रिस सैय्यद असग़र हुसैन हैं, वो किताब के सफ़ा नंबर 232 पर लिखते हैं:

"एक तवील काग़ज़ लेकर उस की पेशानी पर हूवल बाक़ी या बिस्मिल्लाह लिखो, या बिसमिल्लाह के आदाद 786 लिखो, वग़ैरा

इमाम अहमद रज़ा ख़ान कादरी रहीमहुल्लाह की किताबों के नाम भी

"जुमल' के हिसाब से आदाद के मुताबिक़ हैं।

बाक़ी ये अम्र मुसल्लम है कि हर नेक और अहम काम का आग़ाज़ बिस्मिल्लाह से करना चाहिए। अगर वो काम कोई अच्छी तहरीर, तसनीफ़ या ख़त किताबत है तो उस के शुरू में भी "बिस्मिल्लाह" लिखना मस्नून ,मुस्तहब और मुस्तहसन अम्र है, इस से इस काम में भी बरकत पैदा होती है। और इस तहरीर में भी बरकत होती है लेकिन किसी तहरीर या ख़त किताबत के शुरू में बिस्मिल्लाह उस वक़्त लिखा जाये जब ये ज़न-ए-ग़ालिब या कम अज़ कम "मुख़ातब' और "मकतूब अ़लैह" के बारे में हुस्न-ए-ज़न हो कि वो उस का अदब वा एहतराम मलहूज़ रखेंगे, उसे क़दमों के नीचे या किसी डस्टबिन और कूड़ेदान में नहीं फैंकेंगे और अगर ख़ुदा-ना-ख़ासता बे-अदबी का गुमान या यक़ीन हो तो फिर ख़त किताबत या तहरीर के शुरू में बिसमिल्लाह हरगिज़ ना लिखी जाये बल्कि ख़त किताबत या तहरीर शुरू करने से पहले ज़बानी बिस्मिल्लाह पढ़ ले और फिर लिखना शुरू कर दे। हमारे फ़ुक़हाए किराम ने लिखा है कि अगर कुफ़्फ़ार की बस्ती में जाता हो और यक़ीन या ज़न-ए-ग़ालिब हो कि क़ुरआन-ए-मजीद लेकर जाऐंगे और वो उनके हाथ लग गया तो वो उस की बे-हुरमती करेंगे तो फिर ऐसी सूरत-ए-हाल में क़ुरआन-ए-मजीद साथ लेकर ना जाएं।

ये अक़ीदा या नज़रिया किसी का नहीं कि बिस्मिल्लाह लिखने या पढ़ने के बजाय 786 का अदद लिखा जाये या पढ़ लिया जाये तो बिस्मिल्लाह का सवाब मिलेगा, क्योंकि ये अक़ीदा इख़तियार करने से सुन्नते बिस्मिल्लाह का तर्क लाज़िम आएगा, जिसका हम तसव्वुर भी नहीं कर सकते। तो फिर ये सवाल पैदा होगा कि जब 786 बिसमिल्लाह का मुतबादिल या उस के क़ाइम मक़ाम नहीं है तो लिखने का क्या फ़ायदा।

आपको मालूम है कि बाज़ कोड वर्डज़ (Code Words) या इशारती अलफ़ाज़ या निशानात होते हैं, जो मुसल्लह अफ़्वाज सैक्योरिटी इंजीनियर

और बाअज़ सुराग़ रसानी के इदारों या शोबा जात में इस्तिमाल होते हैं और इस शोबा से वाबस्ता अफ़राद का ज़हन उनके सुनते ही या उन पर नज़र पड़ते ही इन मुआनी की तरफ़ मुंतक़िल हो जाता है जिनके लिए उन्हें वज़ा किया गया है। तो अगर ख़त या तहरीर के शुरू में 786 का अदद लिखा हो और इस पर नज़र पड़ते ही क़ारी का ज़हन बिसमिल्लाह की तरफ़ मुंतक़िल हो जाये और वो फोरन बिस्मिल्लाह पढ़ ले तो ये भी बहुत बड़ा फ़ायदा है, बे-अदबी से भी बच गए और सुन्नते बिस्मिल्लाह का अज्र भी पा लिया। ये तो तै है कि 786 का लिखना किसी के नज़दीक भी वाजिब या सुन्नत के दर्जे में नहीं है और इस के तर्क से कोई शरई ख़राबी लाज़िम नहीं आती लेकिन अगर इस पर नज़र पड़ते ही बंदे का ज़हन मुतवज्जा हो जाये और वो बिस्मिल्लाह पढ़ ले तो ये इस जिहत से एक मुस्तहसन अम्र होगा।

ये मसला कि आदाद में कोई तासीर है या नहीं? मेरी नज़र में इस के लिए कोई दलील शरई नहीं है। लेकिन शाह वलीउल्लाह मुहद्दिस देहलवी और शाह अब्दुल अज़ीज़ मुहद्दिस देहलवी समेत दीगर मुतअद्दिद अकाबिरे उम्मत तावीज़ात में उनका इस्तिमाल करते रहे हैं और हमारा इन सब अकाबिरे उम्मत के बारे में हुस्न-ए-ज़न है कि ये किसी ख़िलाफ़ शरा अम्र पर मुजतमा नहीं हो सकते और हुज़ूर صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ का इरशाद मुबारक है

لا تجتمع امتی علی الضلالة

मेरी उम्मत गुमराही पर मुजतमा नहीं हो सकती (अलहदीस)

तवारिस व तवातुर के साथ अकाबिर व सुलहा ए उम्मत का अमल ये बताता है कि उनके नज़दीक ये अमल मुजर्रब है। एक अहम मसला ये है कि जुमल या अबजद या हुरूफ़ के आदाद का तसव्वुर मुस्लमानों में कब से मुतआरिफ़ था, तो इस सिलसिले में गुज़ारिश है कि मुस्लमान अहदे

रिसालत में भी इस से आशना थे, चुनांचे अल्लामा क़ाज़ी अबुल-ख़ैर अब्दुल्लाह बिन उम्र बैज़ावी शीराज़ी मुतवफ़्फ़ा 685 हिजरी ने अपनी मारकितुल आरा तफ़सीर अनवारुत तन्ज़ील में अलिफ लाम मीम की बेहस में ये हदीस नक़ल की है:

اوالی مدد اقوام وأجال بحساب الجمل کما قاله ابوالعالیة ممسکا بما روی انه علیه الصلوة والسلام لما اتاه الیهود تلی علیهم الٓمٓ، البقره، فحسبوه وقالوا کیف ندخل في دین مدته احدی وسبعون سنة؟ فتبسم رسول اللّٰه صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ ، فقالوا: هل غیره، فقال: الٓمٓصٓ، الٓرٰ ، الٓمٓر، وغیره، فقالوا: خلطت علینا فلاندری بایها ناخذ

या बाज़ सूरतों के शुरू में मज़कूर इन हुरूफ़ मुक़त्तआत से बहिसाब जुमल बाज़ क़ौमों की बक़ा की मियाद की तरफ़ इशारा है, जैसा कि अबूल आलिया ने रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ की एक

हदीस से इस्तिदलाल किया है, कि जब यहूद आप के पास आए तो आप ने उन्हें "अल बक़रा" पढ़ कर सुनाई तो उन्होंने हिसाब लगाया और कहा कि "हम ऐसे दीन में कैसे दाख़िल हों, जिसकी कल मुद्दत ही 71 साल है" तो रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ ये सुनकर मुस्कुराए , तो इस पर यहूद ने पूछा क्या इस के इलावा भी कुछ है? , फिर आपने दीगर ऐसी आयात पढ़ कर सुनाईं तो उन्होंने कहा आपने मुआमला हम पर मुश्तबा कर दिया। अब हमें समझ नहीं आ रहा कि हम उनमें से किसे बुनियाद बना कर हिसाब लगाऐं।

इस पर बेहस करते हुए अल्लामा क़ाज़ी बैज़ावी लिखते हैं कि रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّمَ का यहूद के इस इस्तिदलाल को रद्द ना करना यानी जुमल का हिसाब लगाना और उसे साबित-ओ-क़ायम रखना इस बात की दलील है कि आपके नज़दीक उसूली तौर पर हिसाब लगाना ख़िलाफ़ शरा नहीं है। गोया ये हदीस तक़रीरी है।

हमें असल कुतुबे हदीस में ये हदीस नहीं मिली लेकिन बैज़ावी के मुहश्शी शेख़ हबीब अल रहमान कांधलवी ने लिखा है कि इमाम बुख़ारी ने उसे तारीख़ अल बुख़ारी में रिवायत किया है। इस पर अगर कोई शख़्स ये एतराज़ करे कि जुमल का हिसाब तो अपनी असल के एतबार से अरबी नहीं है, लेकिन बाज़-औक़ात ग़ैर अरबी कोई चीज़ जब अहले अरब में मुतआरिफ़ व मशहूर हो जाये तो उसे क़बूल कर के अरबीयत में दाख़िल कर दिया जाता है। चुनांचे कई अरबी अलफ़ाज़ को मुअर्रब कर के अरबी में दाख़िल कर दिया गया है और क़ुरआन में उन्हें इस्तिमाल किया जाता है, हालाँकि अल्लाह-तआला का वाज़ेह इरशाद है:

ان ا انزلنه قرءٰنا عربیا

हमने उसे (क़ुरआन) को अरबी में नाज़िल किया है। (यूसुफ़:2)

و هذا السان عربی مبین

और ये वाज़ेह अरबी ज़बान है (अल नहल:103)

(देखें तफ़हीमुल मसाइल, अज़ प्रोफ़ैसर मुफ़्ती मुनीबुर रहमान, ज.2 ‘स.349 ता 355 ‘ज़िया उल-क़ुरआन पब्लीकेशन्ज़, लाहौर, त.2011)

पांचवां हवाला

फतावा फ़क़ीहे मिल्लत

हरे कृष्णा के आदाद

तफ़हीमुल मसाइल के हवाले से इस पर बयान गुज़र चुका कि 786 वग़ैरा को हिंदूमत से जोड़ना किसी तरह दरुस्त नहीं है। अब हम इस पर मज़ीद तफ़सील पेश कर रहे हैं। फतावा फ़क़ीहे मिल्लत में एक सवाल इस ताल्लुक़ से कुछ यूं किया गया:

सवाल:

मस्जिद की दीवार पर 786 लिखा हुआ है इमाम साहिब कहते हैं उसे

उखाड़ कर फेंक दो और वो कहते हैं ख़त वग़ैरा किसी भी चीज़ पर786 नहीं लिखना चाहिए इसलिए कि 786 हरी कृष्णा का अदद है तो क्या ये सही है? अगर नहीं तो ऐसे इमाम के बारे में क्या हुक्म है? इस के पीछे नमाज़ पढ़ना कैसा है और जितनी नमाज़ें पढ़ी गईं उनका क्या हुक्म है?

अल जवाब:

